राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

1 और 2 जून को आयोजित होगी राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की कार्यशाला

जयपुर, 30 मई। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा उदयपुर में आयोजित नव संकल्प शिविर में पारित घोषणा पत्र एवं निर्णयों के क्रियान्वयन हेतु राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा की अध्यक्षता में दिनांक 01 व 02 जून, 2022 को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जायेगी जिसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं राजस्थान प्रभारी श्री अजय माकन, मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत सहित प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्षगण, पूर्व नेता प्रतिपक्षगण, राज्य से एआईसीसी के पदाधिकारीगण, पूर्व केन्द्रीय मंत्रीगण, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण, मंत्रीमण्डल के सदस्यगण, विधायकगण, विधायक प्रत्याशीगण, वर्तमान/निवर्तमान जिलाध्यक्षगण, विभाग व प्रकोष्ठों के निवर्तमान अध्यक्षगण, अग्रिम संगठनों युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस एवं सेवादल के प्रदेशाध्यक्षगण व जिलाध्यक्षगण, राज्यसभा सांसदगण, लोकसभा प्रत्याशीगण, जिला प्रमुखगण तथा सभी बोर्ड एवं निगमों के चेयरमेन प्रमुख रूप से भाग लेंगे।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि कार्यशाला में तकरीबन 650 प्रतिभागी भाग लेंगे। कार्यशाला का मुख्य एजेण्डा उदयपुर में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित नव संकल्प शिविर में जारी नव संकल्प घोषणा के निर्णयों को जिला एवं अन्य निचले स्तर पर यथाशीघ्र क्रियान्वयन करना तथा इस हेतु मंथन कर समयबद्ध एवं चरणबद्ध कार्यक्रम बनाना रहेगा। उन्होंने बताया कि कार्यशाला में दिनांक 09 अगस्त, 2022 को सभी जिलों में आयोजित होने वाली 75 किलोमीटर की पदयात्रा के कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जायेगी। साथ ही

2.........

Created by Universal Document Converter

15 अगस्त, 2022 को आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय विशाल कार्यक्रम की रूपरेखा एवं तैयारियों पर मंथन किया जायेगा। कार्यशाला में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा कश्मीर से कन्याकुमारी तक की पदयात्रा के आयोजन हेतु जिम्मेदारियां प्रदान करने हेतु विमर्श किया जायेगा। दो दिवसीय कार्यशाला में संगठन के पद जो चुनावी प्रक्रिया के अतिरिक्त भरे जाने हैं जिसमें प्रमुख रूप से प्रकोष्ठ, विभाग एवं अग्रिम संगठनों के पद शामिल है पर 50 प्रतिशत पद 50 वर्ष से कम आयु के युवाओं से भरने की प्रक्रिया प्रारम्भ कर 90 से 180 दिवस में इन पदों को भरने हेतु रोडमेप तैयार किया जायेगा। कार्यशाला में राजस्थान प्रदेश में मण्डल कमेटियों के गठन, मण्डल कमेटियों के पदाधिकारियों की नियुक्ति के बाबत् भी सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं से चर्चा की जायेगी। उदयपुर नव संकल्प शिविर में आर्थिक, युवा सशक्तीकरण, किसान आदि विषयों पर पारित निर्णयों की क्रियान्विति करने हेतु विशेष रूप से मंथन किया जायेगा।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)

प्रवक्ता

मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter